आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 22.02.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने ठाकुर युगराज सिंह पी.जी. कॉलेज, फतेहपुर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, एमएसएमई, विकास संस्थान कानपुर द्वारा आयोजित नेशनल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया। इसका आयोजन एमएसएमई कानपुर के तत्वाधन में दिनांक 21.02.2019 से 23.02.2019 तक फतेहपुर में आयोजित किया गया है। इसका शुभारंभ दिनांक 21.02.2019 को मुख्य अतिथि सुश्री साध्वी निरंजन ज्योति, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा किया गया। इस प्रोग्राम में आरेडिका, रायबरेली को भाग लेने के लिए एमएसएमई, कानपुर ने विशेष रुप से आमंत्रित किया था।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा इस प्रदर्शनी में प्रातः 10 बजे से लेकर सांय 5 बजे तक स्टाल लगाकर प्रदर्शनी में आये लोगों को आरेडिका, रायबरेली में विभिन्न प्रकार के कोचों में उपयोग की जाने वाली उत्पादों के मॉडल लगाकर इसके बारे में जानकारी दी जा रही है। इस आयोजित उद्यम समागम एवं औद्योगिक प्रदर्शनी में आरडिका के द्वारा कार्यशाला की लघु वृत्तचित्र भी दिखाया जा रहा है। आरेडिका, रायबरेली, व अन्य उद्यमियों के द्वारा प्रतिभाग करने के लिए माननीय केन्द्रीय मंत्री ने प्रशंसा की।

इस प्रर्दशनी के शुभारंभ से पूर्व आयोजित बैठक में संजय निगम, वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने इसमें प्रतिभाग कर रहे उद्यमियों के समक्ष अपनी तकनीकी और उत्पादन से सम्बन्धित अनेकों जानकारियों दी।

(आर. पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी